nt>

Title: Need to construct a new bridge over river Ganga at Shuklaganj, connecting Unnao and Kanpur in Uttar Pradesh.

श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव) : माननीय अध्यक्ष जी, सर्वप्रथम मैं आपको धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूं। मैं उन्नाव जनपद से चुनकर आता हूं। उन्नाव जनपद हिन्दुस्तान का मैनचैस्टर कहे जाने वाले कानपुर और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बीच में स्थित है। वहां गंगा नदी पर मात्र एक पुल है। जो दूसरा पुल है, वह काफी जर्जर है और इतना संकरा है कि आये दिन वहां जाम लगा रहता है, आये दिन दुर्घटनाएं होती हैं और सैंकड़ों लोग दुर्घटनाओं में प्रतिवर्ष मारे जाते हैं। हमने पूर्व में, पिछले सत्र में भी सरकार से आग्रह किया था कि शुक्लागंज में गंगा नदी पर एक चौड़ा पुल बनाया जाये, जिससे यातायात के साधनों को, जनता को निकलने में आसानी हो सके। हमने सरकार से बक्सर में भी गंगा नदी पर पुल बनाने की मांग की थी, लेकिन सरकार से जो जवाब हमारे पास आया है, उसमें लिखा है कि उत्तर प्रदेश सरकार से आप अनुरोध करिये। हम भारत सरकार की संसद में चुनकर आते हैं और हमारी जनता के प्रति जवाबदेही है। अगर हम उत्तर प्रदेश सरकार से अनुरोध करेंगे तो उत्तर प्रदेश सरकार हमारे साथ नहीं है, वहां दूसरे दल की सरकार है, वह सरकार नहीं चाहेगी कि हमारे क्षेत्र में विकास हो।

हम आपसे अनुरोध करना चाहते हैं कि भारत सरकार से आप हमारी तरफ से अनुरोध करिये कि शुक्लागंज में गंगा नदी पर एक बड़ा पुल और बक्सर में भी उसी तरीके से फतहपुर जनपद को सीधे जोड़ने के लिए एक पुल बनाने का काम करे।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : जरा बोलकर हल्का कर लेने दीजिए न, उनके भी तो वोटर्स हैं।